# <u>सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण – जनपद मेरठ</u>

दिनांक 01-08-17 से 03-8-2017 तक जनपद मेरठ में डॉ० आनन्द अग्रवाल, (उपमहाप्रबंधक- आर०के०एस०के०) एवं इन्द्रजीत सिंह (सलाहकार- आर०के०एस०के०) द्वारा जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधक, जनपदीय कम्युनिटी मेनेजर, अरबन हेल्थ कोऑर्डिनेटर एवं डी०ई०आई०सी० मैनेजर के साथ सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। <u>पर्यवेक्षण की पूर्व सूचना दिए जाने पर भी जनपदीय कार्यक्रम नोडल अधिकारी एवं मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक भ्रमण के दौरान उपस्थित नहीं हुए न ही किसी तरह का सहयोग किया गया।</u>

भ्रमण किये गए केन्द्रों एवं समुदाय की तिथिवार समीक्षा रिपोर्ट इस प्रकार है:-

**<u>शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (UPHC) कंकर खेड़ा दिनांक 1/08/2017</u>**

- पर्याप्त स्टाफ एवं महिला चिकित्साधिकारी होने के बावजूद ANC चेक अप नहीं किया जा रहा है।
- UHND का माइक्रो प्लान निर्धारित प्रारूप पर नहीं बना है।
- केंद्र में कमरों में ताला बंद होने के कारण उपयोग में नहीं लाये जा रहे हैं।
- चिकित्साधिकारी के कक्ष में परदे इत्यादि की व्यवस्था न होने के कारण मरीजों की गोपनीयता भंग होती है।
- क्लिनिक के संचालन हेतु कोई धनराशि अभी तक कभी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है।
- क्लिनिक के लिए आवश्यक उपकरण जैसे कि वजन मशीन, ब्लड प्रेशर मशीन इत्यादि केंद्र पर नहीं थे।
- अरबन हेल्थ कोऑर्डिनेटर द्वारा केंद्र का भ्रमण नहीं किया गया है।
- केंद्र की ANM के पास आवश्यक उपकरण जैसे MUAC टेप, वजन मशीन, BP मशीन इत्यादि उपलब्ध नहीं हैं।
- HRP का चिन्हीकरण एवं फॉलो अप नहीं किया जा रहा है।
- केंद्र पर प्रस्तावित एवं आयोजित अन्तर्विभागीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक का कोई एजेंडा एवं कार्यवृत्त प्राप्त नहीं हुआ।
- केंद्र पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं थी।
- केंद्र पर प्रसव कराने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है इसे उच्चीकृत किया जा सकता है।

**<u>पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) दिनांक 1/08/2017</u>**


- केंद्र से सम्बद्ध डॉ अखलाक द्वारा केंद्र का भ्रमण नहीं किया गया था | उनकी जगह डॉ० पी० के० जैन ने विजिट किया एवं एक बच्चे को केंद्र पर रक्त चढ़ाने के निर्देश दिए जोकि मौके पर किया जा रहा था|
- केंद्र पर बिजली की सुचारू व्यवस्था नहीं है| बिजली की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण गर्मी में मरीज के साथ अभिभावक बाहर घूम रहे थे|
- वार्ड में लगे टीवी सेट पर IEC सम्बंधित क्लिप्स इत्यादि का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है|

**<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरौला दिनांक 02/08/2017</u>**



- पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद केन्द्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी 10.45 बजे तक उपस्थित नहीं थे| उनकी अनुपस्थिति में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी को उनके न आने की कोई सूचना नहीं थी|
- अन्य कर्मचारियों में BCPM, BAM एवं MCTS ऑपरेटर 11 .30 बजे तक उपस्थित नहीं थे| न ही उनके किसी मूवमेंट का कोई रजिस्टर किया गया था|
- केंद्र के आसपास काफी जलभराव की स्थिति पाई गई जिसमें मच्छरों की रोकथाम का कोई प्रबंध नहीं किया गया था||
- केंद्र पर दो दिन से बिजली नहीं आ रही थी| जनरेटर होने के बावजूद नहीं चल रहा था|
- बिजली न होने के कारण लेबर रूम में बिना sterilisation के उपकरण से प्रसव कराया गया|
- लेबर रूम में ऑक्सीजन सिलिंडर एवं laryngoscope उपलब्ध नहीं था|
- डाइट रजिस्टर अप्रैल माह से अपडेट नहीं किया गया है|
- ANC रजिस्टर नहीं बनाया गया है|

- HRP का चिन्हीकरण केवल माह की 9 तारीख को ही किया जा रहा है|
- Partograph नहीं बनाया जा रहा है|
- मरीजों को दवाइयां बाहर से मंगवाई जा रही हैं| आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं भी केंद्र पर उपलब्ध नहीं हैं|
- बहुत दवाइयां जैसे कि टेबलेट Bromhexine माह अगस्त में expire हो रही हैं जिनका आवश्यकता से अधिक स्टॉक केंद्र पर उपलब्ध था|
- वार्ड में भर्ती मरीज का इलाज सही एवं समुचित नहीं किया जा रहा था|
- केंद्र पर पर्याप्त स्थान होने के बावजूद KMC कार्नर अभी तक स्थापित नहीं किया गया है|
- मरीजों की शिकायत निवारण व्यवस्था का कोई अपडेट उपलब्ध नहीं था|
- नोडल अधिकारी द्वारा विफ्स की समीक्षा के लिए CHC की कोई भी विजिट नहीं की गई है|



- RBSK मेडिकल टीम A का सत्र माइक्रो प्लान के अनुसार नहीं आयोजित किया गया था अपितु आकस्मिक परिवर्तन करके किया जा रहा था जिसकी कोई पूर्व सूचना केंद्र पर किसी भी अधिकारी को नहीं दी गई थी|
- विफ्स की रिपोर्ट ब्लाक से जनपद पर नहीं भेजी जा रही है|
- इंटर कॉलेज में अभी तक आयरन की गोलियां उपलब्ध नहीं कराई गई है|
- विफ्स की ब्लाक स्तरीय ट्रेनिंग का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था|
- RBSK टीम के सदस्यों को रेफरल की कोई जानकारी नहीं थी|
- लैपटॉप, खिलौने, छोटे बच्चों के वजन की मशीन, घन्टी इत्यादि अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गए हैं|
- RBSK रिपोर्टिंग रजिस्टर में किशोर सम्बंधित बीमारियों (बीमारी संख्या 31-38) का डाटा नहीं भरा जा रहा है|
- AFHS के बारे में मेडिकल टीम को कोई भी जानकारी नहीं थी| क्लिनिक कहाँ एवं किस उद्देश्य से स्थापित की गई है उन्हें नहीं बताया गया था| उनके द्वारा किसी भी किशोर एवं किशोरी को अभी तक AFHC में संदर्भित नहीं किया गया है|
- मेडिकल टीम द्वारा विफ्स कार्यक्रम से सम्बंधित आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों में अनुश्रवन एवं सहयोग नहीं किया जा रहा है|
- आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों का WIFS का कोई प्रशिक्षण नहीं करवाया गया है| और न ही स्कूल न जाने वाली किशोरियों हेतु नीली IFA उपलब्ध करवाई गई है|

<u>उच्चीकृत उपकेन्द्र बटजेवरवा दिनांक 02/08/2017</u>

- उपकेन्द्र का रख रखाव नहीं किया जा रहा है| पानी, शौचालय इत्यादि की कोई व्यवस्था नहीं है|
- उपकेन्द्र से कोई भी स्वास्थ्य सेवाएं समुदाय में नहीं दी जा रही हैं| केंद्र नॉन फंक्शनल है|
- केंद्र पर VHND का सत्र का आयोजन नहीं किया जाता है जबकि माइक्रो प्लान में सत्र केंद्र पर किये जाने की सूचना दी गई है|

<u>ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (VHND) सत्र- बटजेवरवा दिनांक 02/08/2017</u>

- HRP की लाइन लिस्टिंग ANM के पास नहीं थी| MCP की रिक्तियां एवं जानकारी समुचित रूप से नहीं भरे जा रहे हैं| लाभार्थी से सम्बंधित जानकारी कार्ड पर नहीं भरी जा रही थी|
- आशा द्वारा HBNC नहीं की जा रही है| अति कुपोषित बच्चों का कोई रिकॉर्ड ANM के पास प्राप्त नहीं हुआ न ही उसके द्वारा कोई growth monitoring की जा रही है| अति कुपोषित बच्चों के घरों में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती द्वारा न तो विजिट किया गया है न ही NRC में भर्ती हेतु प्रयास किये गए हैं|
- आयोडीन साल्ट टेस्टिंग किट, IFA सिरप, IFA की लाल गोली आशा के पास उपलब्ध नहीं थी|



- बच्चों के खान पान सम्बन्धी सलाह एवं परामर्श का कोई ज्ञान ANM, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को नहीं मिली|

- परिवार नियोजन सम्बन्धी कोई सलाह एवं साधन का वितरण आशा द्वारा नहीं किया गया है| लाभार्थी को परामर्श एवं प्रेरित करने के लिए आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के पास कोई IEC मटेरियल उपलब्ध नहीं था|
- आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों का WIFS का कोई प्रशिक्षण नहीं करवाया गया है| और न ही स्कूल न जाने वाली किशोरियों हेतु नीली IFA उपलब्ध करवाई गई है|



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भडबूराल दिनांक 03/08/2017

- KMC के लिए अलग निर्धारित स्थान निर्धारित नहीं किया गया है|
- HRP का कोई समेकित डाटा केंद्र पर उपलब्ध नहीं था|
- इंटर कॉलेज को आयरन की नीली गोलियां, विफ्स रजिस्टर एवं रिपोर्टिंग फॉर्मेट नही भेजे गए हैं|
- विफ्स की रिपोर्टिंग शिक्षा एवं ICDS से प्राप्त नहीं की जा रही है|
- ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय का भ्रमण किया गया जहाँ IFA पिंक गोलियां एवं फॉर्मेट तथा रजिस्टर नहीं पाए गए|

जिला महिला चिकित्सालय दिनांक 03/08/2017



- जिला महिला चिकित्सालय में हॉस्पिटल मैनेजर डॉ० नूपुर द्वारा भ्रमण करवाया गया|
- SNCU में रेडियंट वार्मर की कमी है| 10 के स्थान पर केवल 5 वार्मर ही क्रियाशील हैं|
- AFHC क्लिनिक हेतु अलग से स्थान नहीं नियोजित किया गया है| फॅमिली प्लानिंग एवं ARSH काउंसलर एक ही कमरे में बैठ रही हैं| काउंसलर डॉ० विनीता अवकाश पर होने के कारन उपस्थित नहीं थी|
- क्लिनिक पर जानकारी हेतु कोई सूचना पट प्रदर्शित नहीं है| क्लिनिक का कंप्यूटर मौके पर उपलब्ध नहीं था।

जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक दिनांक 03/08/2017

जनपद स्तर पर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी- आर०सी०एच०, नोडल अधिकारी, एन० यू० एच० एम०, जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधक, जनपदीय कम्युनिटी प्रोसेस मेनेजर के साथ भ्रमण के दौरान पाई गई जानकारी साझा की गई। तथ्यों से परिचित कराया गया। भ्रमण रिपोर्ट लिखित रूप में उन्हें प्रस्तुत की गयी। विसंगतियों को शीघ्र दूर करने के लिए निर्धारित समय सीमा में त्वरित कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया।

(इन्द्रजीत सिंह)
सलाहकार–आर.के.एस.के.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.

डॉ० आनन्द कुमार अग्रवाल
उपमहाप्रबन्धक–आर.के.एस.के.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.